प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 22.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.......................

आज विश्व जल दिवस है। यह दिन मीठे पानी के महत्व और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की महति आवश्यकता है। इधर, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी से जल संरक्षण के कार्यो के प्रति सभी को जागरूक करने और प्रदेश को जल सम्पन्न बनाने के योगदान देने की अपील की।

..........................

आज अर्थ ऑवर डे हैं। बिजली बचाने के मकसद से विश्वभर में 'अर्थ ऑवर डे' मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को बिजली के महत्व और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरुक करना है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सभी से एक घंटे के लिए गैरजरूरी लाइट्स को बंद रखकर अर्थ ऑवर डे में सहभागिता निभाने की अपील की है। राजभवन में आज रात 8.30 बजे से 9.30 बजे तक सभी गैर–जरूरी विद्युत प्रकाश उपकरण बंद रखे जाएंगे।

.......................

शहरी क्षेत्रों में जैविक और रसायनमुक्त सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जयपुर के जोबनेर में श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय ने अभिनव पहल की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दुर्गापुरा के हॉर्टिकल्चर कॉलेज में एक रूफटॉप वेजिटेबल गार्डन मॉडल विकसित किया है। कुलपति प्रो. डॉ. बलराज सिंह ने बताया कि बाजार में रसायनयुक्त सब्जियों का बढ़ता उपयोग स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। ऐसे में यह रूफटॉप वेजिटेबल गार्डन मॉडल एक प्रभावी समाधान प्रस्तुत करता है, जिससे शहरवासी अपनी छतों पर ही ताजी और जैविक सब्जियां उगा सकते हैं। इस मॉडल को पुराने ओवरहेड वॉटर टैंकों, डस्टबिन, प्लास्टिक की बोतलों, कंटेनरों और अन्य अनुपयोगी सामग्रियों का पुनः उपयोग करके तैयार किया गया है।

.......................

जैसलमेर में आज केन्द्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। इस दौरान युवाओं ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने पर अपनी बात रखी। गौरतलब है कि जिला स्तरीय युवा संसद के विजेताओं को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

.......................

सीकर में जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आज से शेखावाटी उत्सव अरबन हाट शुरू हो गया है। दो दिन के इस उत्सव की शुरूआत शोभायात्रा से हुई। ये शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई गुजरी, उत्सव में हस्तशिल्प बाजार और फोटो प्रदर्शनी लगाई गई है। वहीं कठपुतली नृत्य, ऊँट–घोड़ा, साफा बांध, तीन टांग दौड़ और दादा–पौता–दौड़ आयोजित की जा रही है। शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा, जिसमें लोक कलाकार चरी, भवई, कालबेलिया, गैर, मयूर और चंग ढ़फ नृत्य प्रदर्शित करेंगे।

.....................

प्रदेश के मौसम में उतार चढाव का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आगामी 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कल से अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री बढोतरी होने के आसार है। विभाग के अनुसार आगामी 25 तारीख से पश्चिमी हवा का असर बढ़ेगा और तापमान बढ़ने के साथ गर्मी तेज होने लगेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में मौसम शुष्क रहा और अधिकांश शहरों में धूप रही। उत्तर–पश्चिम राजस्थान के बीकानेर, श्रीगंगानगर,

हनुमानगढ़, चूरू में देर शाम हल्की ठंडी हवा चली। सबसे ज्यादा 37 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में सुबह हल्की हवा चलने से मामूली ठंड रही।

..................................